आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 07.11.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- गृहमंत्री अमित शाह ने कहा–– सरकार जल्द ही राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी नीति और रणनीति पेश करेगी, देश में आतंकवाद से लड़ने के लिए मजबूत व्यवस्था बनाए जाने का दावा किया।
- पिथौरागढ़ के नैनी सैनी एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए विमान सेवा शुरू। देहरादून से जोशियाड़ा और गौचर के लिए भी हेली सेवा का संचालन प्रारम्भ।
- देहरादून में आयोजित प्रथम प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में प्रवासी उत्तराखण्ड परिषद का गठन करने की घोषणा की।
- पौड़ी के कंडोलिया खेल मैदान में राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता शुरू।

आतंकरोधी सम्मेलन

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज कहा कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सरकार जल्दी ही आतंकरोधी नीति और रणनीति लेकर आएगी। नई दिल्ली में आतंकरोधी सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुए श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद पिछले दस वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ कडा रवैया अपनाया गया है। दो दिन के इस सम्मेलन को राष्ट्रीय अभिकरण अन्वेषण –एनआईए ने आयोजित किया है। श्री शाह ने कहा कि आतंकवाद को कत्तई बर्दाश्त न करने के श्री मोदी के आह्वान की दुनियाभर में सराहना हुई है। श्री शाह ने कहा कि 2006 से 2013 की अवधि की तुलना में 2014 से 2021 की अवधि में आतंकी घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आई है।
गृह मंत्री ने कहा कि आतंकवादी हमले और देश के खिलाफ आतंकवादियों की साजिश अदृश्य ढंग से रची जाती है। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों को नवीनतम प्रौद्योगिकी वाला विशेष प्रशिक्षण दिया जाने की जरूरत है। गृह मंत्री ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून दुनियाभर में सर्वाधिक आधुनिक और तकनीकी दृष्टि से उन्नत कानून है। उन्होंने कहा कि हाल के समय में सुरक्षा से संबंधित कई कानूनों में परिवर्तन किया गया है।

हेली सेवा शुरू

उत्तराखण्ड में हेली सेवाओं के जरिए आवागमन सुगम हो रहा है। राज्य सरकार भी लगातार हेली सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। इसी कड़ी में आज से पिथौरागढ़ जिले के नैनी सैनी एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए सीधी विमान सेवा आज से शुरू हो गई है। साथ ही देहरादून–जोशियाड़ा और देहरादून–गौचर हेलीसेवा का संचालन भी आज से शुरू हो गया है। नई दिल्ली से आज एक 42 सीटर विमान 21 यात्रियों को लेकर पिथौरागढ़ के नैनीसैनी एयरपोर्ट पहुंचा। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा और पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने पहली फ्लाइट के यात्रियों का स्वागत किया।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विमान और हेली सेवा के शुरू होने से लोगों को बेहतर यातायात की सुविधा मिलेगी

रेंडमाईजेशन

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव को सफलतापूर्वक संपादित कराने के लिए आज ईवीएम मशीनों का दूसरा रेंडमाईजेशन किया गया। एनआईसी कक्ष में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए सामान्य प्रेक्षक विनोद शेषन की उपस्थिति में हुए रेंडमाईजेशन के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।
इस बीच, स्वीप टीम द्वारा कालीमठ घाटी के क्षेत्रवासियों को केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन में अपना मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। गौरतलब है कि कालीमठ घाटी के निवासियों द्वारा चौमासी, रैंकाधार, केदारनाथ पैदल मार्ग के पुनर्निर्माण कार्यों में हो रही देरी के कारण

अपने मताधिकार का प्रयोग न करने का निर्णय लिया था। यह मामला संज्ञान में आने के बाद लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप टीम को केदारघाटी क्षेत्र में भेजा गया। स्वीप टीम के आग्रह पर कालीमठ घाटी के क्षेत्रवासियों ने मतदान बहिष्कार करने का निर्णय वापस ले लिया है।

प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन

राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज देहरादून में प्रथम प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों में रहने वाले 250 से अधिक प्रवासी उत्तराखंडी आए थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में प्रवासी उत्तराखण्ड परिषद का गठन करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के प्रवासियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति अपने आप में विशिष्ट है, जो एक–दूसरे को जोड़कर रखती है। उत्तराखंड का कोई भी व्यक्ति किसी राज्य में बसता है तो वह संस्कृति, भाषा और संस्कार को भी लेकर जाता है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में विकास के विभिन्न कार्यों का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर विज्ञान केंद्र की स्थापना की जाएगी, जिससे राज्य विज्ञान और अनुसंधान में अग्रणी बनेगा। सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से पर्यटन, कृषि, बागवानी समेत विभिन्न क्षेत्रों में सुझाव मांगे।

राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता

जिला मुख्यालय पौड़ी में आज राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। कंडोलिया खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में बालक–बालिका के अंडर–10, अंडर–15 व अंडर–20 आयु वर्ग मे 6 जिलों के 105 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। जिला क्रीडा अधिकारी संदीप डुकलान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हर आयु वर्ग के चार–चार अव्वल तीरंदाजों का राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाएगा।

वन रैंक वन पेंशन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वन रैंक वन पेंशन–ओआरओपी को लागू करने का निर्णय लंबे समय से चली आ रही मांग और अपने सैनिकों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता प्रकट करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के आज 10 साल पूरे होने पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि यह पहल उन योद्धाओं और भूतपूर्व सैनिकों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि है, जो राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना जीवन न्यौछावर करते हैं।

केंद्र की वन रैंक वन पेंशन–ओआरओपी योजना पूर्व सैनिकों के लिए उचित और समान पेंशन सुनिश्चित करने के लिए सरकार की परिवर्तनकारी योजना है। इस योजना में समान रैंक और समान सेवा अवधि के साथ सेवानिवृत्त होने वाले सैनिकों को समान पेंशन मिलती है, चाहे इनकी सेवानिवृत्ति की तारीख कोई भी हो।

शुभारम्भ

लंदन के एक्सेल में तीन दिवसीय विश्व पर्यटन बाजार में केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के अधिकारियों के साथ उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने हिस्सा लिया। इस दौरान श्री महाराज ने लंदन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम कुमार दोराईस्वामी और केंद्रीय पर्यटन पर्यटन मंत्रालय की महानिदेशक मुग्धा सिन्हा की उपस्थिति में भारत मंडपम में बने अतुल्य भारत स्टॉल का शुभारंभ किया। भारत मंडपम में उत्तराखंड सहित देश के अनेक राज्यों की संस्कृति और पर्यटन को दर्शाते हुए अनेक स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे।

विशेष रेलगाड़ी परिचालन

भारतीय रेलवे त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए कल से एक सौ 64 विशेष रेल गाड़ियां चलाएगा। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि त्योहारों को देखते हुए विशेष ट्रेनों का परिचालन जारी है। उन्होंने बताया कि आज भी करीब 160 स्पेशल रेलगाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है।

डीबीटी ऑन सैनेटरी नैपकिन

नैनीताल में जिले की छात्राओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने अभिनव पहल की है। जिले के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों सहित हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट में अध्ययनरत छात्राओं को उनके बैंक खातों में प्रति छात्रा 84 सैनिटरी पैड की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। नैनीताल जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा की ओर से यह धनराशि आवंटित की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रति छात्रा 84 सैनिटरी पैड और प्रति पैड साढे तीन रुपए की दर से जिले में अध्ययनरत कुल 20 हजार 945 छात्राओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से साढे इकसठ लाख रुपए की धनराशि दी जाएगी।

बीकेटीसी

बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के अधीन लखनऊ स्थित राधा कृष्ण मंदिर के विकास पर उत्तर प्रदेश सरकार एक करोड़ रुपए की धनराशि खर्च करेगी। इस सन्दर्भ में उत्तरप्रदेश पर्यटन की ओर से मंदिर समिति को पत्र प्रेषित किया गया है। राधा कृष्ण मंदिर के विकास में सहयोग देने के लिए बदरी–केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है।

समाप्त